मेडी के गोगा तेरी महिमा महान | By Pooja Shrivastava

जय हो गोगा वीर की, जय हो जाहरवीर की ....

मेडी के गोगाजी तेरी महिमा महान, तेरी महिमा महान
तेरी कृपा से धन्य हुआ है राजस्थान
गोगाजी के जैसा कोई नहीं बलवान, हाँ हाँ नहीं बलवान
तेरी कृपा से धन्य हुआ है राजस्थान

महिमा तेरी बड़ी महान, जय हो गोगा वीर महान

इसी भूमि पे गोरखनाथ जी आये थे
चौदह सौ चेले अपने साथ में लाये थे
बाछल रानी ने उनसे पाया वरदान, उनसे पाया वरदान
तेरी कृपा से धन्य हुआ है राजस्थान

जय हो गोगा वीर की, जय हो जाहरवीर की ....

गोगाजी की मेडी पे जो महकता है चन्दन
ऐसा लगे वो जैसे चमकता है कुंदन
गोरख कुंड आओ भक्तो कर लो स्नान, भक्तो कर लो स्नान
इनकी कृपा से धन्य हुआ है राजस्थान

महिमा तेरी बड़ी महान, जय हो गोगा वीर महान

गोगाजी की छड़ी जिसने हाथो में उठाई है
जीवन में उसके कोई कमी नहीं आई है
गोगाजी की पूजा से बन जाते सारे काम
तेरी कृपा से धन्य हुआ है राजस्थान

मेडी के गोगाजी तेरी महिमा महान, तेरी महिमा महान
तेरी कृपा से धन्य हुआ है राजस्थान
गोगाजी के जैसा कोई नहीं बलवान, हाँ हाँ नहीं बलवान
तेरी कृपा से धन्य हुआ है राजस्थान

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%a1%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%bf%e0%a4%ae%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a4%b9/